RPSC वरिष्ठ अध्यापक पेपर I (सामान्य ज्ञान) 2018 (सेट B)

100 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

'मेमंद' आभूषण पहना जाता है -

(A) सिर पर ✓
(B) कमर पर
(C) भुजा पर
(D) पैरों पर

Q.2

विजयदान देथा का सम्बन्ध है-

(A) लोक कला से
(B) लोक नृत्य से
(C) लोक संगीत से
(D) लोक साहित्य से ✓

Q.3

बिजोलिया अभिलेख किस वंश के इतिहास की जानकारी का महत्वपूर्ण साधन है?

(A) राठौड़
(B) सिसोदिया
(C) चौहान ✓
(D) प्रतिहार

Q.4

हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की भील सेना का कमाण्डर था

(A) राणा पूँजा ✓
(B) लूणा चावण्ड्या
(C) जीवाशाह
(D) तारा भील

Q.5

किसे महाराणा प्रताप का पथ-प्रदर्शक कहा जाता है?

(A) राव मालदेव
(B) राव चन्द्रसेन ✓
(C) मोटा राजा उदयसिंह
(D) अमरसिंह राठौड़

Q.6

निम्न में से किस स्थल को ताम्रवती नगरी के नाम से भी जाना जाता था ?

(A) बैराठ
(B) आहड़ ✓
(C) कालीबंगा
(D) बागौर

Q.7

बीकानेर का महाराजा रायसिंह गद्दी पर कब बैठा-

(A) 1612
(B) 1585
(C) 1574 ✓
(D) 1541

Q.8

राजस्थान का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का ____ प्रतिशत है ।

(A) 9.95%
(B) 10.55%
(C) 10.41% ✓
(D) 11.45%

Q.9

निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है -
नदी - सहायक नदी

(A) गम्भीरी - मेशवा ✓
(B) माही - जाखम
(C) काली सिंध - परवन
(D) साबरमती - माजम

Q.10

राजस्थान में सम्भाव्य वाष्पीकरण - वाष्पोत्सर्जन की वार्षिक दर सर्वाधिक किस जिले में है ?

(A) गंगानगर
(B) कोटा
(C) डूंगरपुर
(D) जैसलमेर ✓

Q.11

निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

क्षेत्र	**स्थानीय नाम**
I. डूंगरपुर, बांसवाड़ा एवं प्रतापगढ़ क्षेत्र	a. भौमट
II. डूंगरपुर, पूर्वी सिरोही एवं उदयपुर जिलों का अरावली पर्वतीय क्षेत्र	b. हाड़ौती
III. आबू पर्वत खण्ड	c. वागड़
IV. कोटा, बूंदी एवं बारां क्षेत्र	d. अर्बुद

(A) I-d, II-c, III-b, IV-a
(B) I-c, II-a, III-d, IV-b ✓
(C) I-c, II-b, III-a, IV-d
(D) I-d, II-a, III-b, IV-c

Q.12

जनगणना 2001 एवं 2011 के मध्य, राजस्थान के किन जिलों में लिंगानुपात में कमी आई है?

(A) राजसमन्द एवं चूरू ✓
(B) अजमेर एवं धौलपुर
(C) अजमेर एवं झालावाड़
(D) धौलपुर एवं झालावाड़

Q.13

कथन (S) : राजस्थान में जनसंख्या का वितरण असमान है।
कारण (R) : राज्य में जलवायु तथा उच्चावचीय कारकों में विविधता पायी जाती है।

(A) (S) तथा (R) दोनों सही हैं। ✓
(B) (S) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(C) (S) सही नहीं है, परन्तु (R) सही है।
(D) (S) तथा (R) दोनों सही नहीं हैं।

Q.14

सुमेलित कीजिए :

जिला	पर्यटन स्थल
I. अलवर	a. डीग
II. अजमेर	b. कोलायत
III. बीकानेर	c. सोनी जी की नसियाँ
IV. भरतपुर	d. पाण्डूपोल

I II III IV

(A) a b c d
(B) c a b d
(C) d c b a ✓
(D) b d a c

Q.15

राजस्थान में सीमेंट उद्योग के स्थानीयकरण का प्रमुख कारक कौन सा है ?

(A) बाजार
(B) कच्चे माल की उपलब्धता ✓
(C) शक्ति संसाधनों की उपलब्धता
(D) प्रशिक्षित श्रमिक

Q.16

राजस्थान के कौन से जिले 'आर्द्र दक्षिणी-पूर्वी मैदान' कृषि-जलवायु प्रदेश के अन्तर्गत आते हैं ?

(A) डूंगरपुर तथा बाँसवाड़ा
(B) डूंगरपुर, बाँसवाड़ा तथा प्रतापगढ़
(C) राजसमन्द, भीलवाड़ा तथा चित्तौड़गढ़
(D) कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ तथा सवाई माधोपुर ✓

Q.17

'मेवात क्षेत्र विकास कार्यक्रम' कितने जिलों में विस्तृत है?

(A) तीन
(B) चार
(C) दो ✓
(D) पाँच

Q.18

कौन सी हवा डॉक्टर हवा के नाम से जानी जाती है ?

(A) हरमट्टन ✓
(B) बोरा
(C) फोह्न
(D) चिनूक

Q.19

उत्तरी गोलार्द्ध में व्यापारिक पवनें किस दिशा में बहती है ?

(A) दक्षिण-पश्चिम
(B) दक्षिण-पूर्व
(C) उत्तर-पश्चिम
(D) उत्तर-पूर्व ✓

Q.20

काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान प्रसिद्ध है

(A) साइबेरियाई सारस के लिए
(B) एक सींग वाले भारतीय गैंडों के लिए ✓
(C) हिम चीता के लिए
(D) मगरमच्छ के लिए

Q.21

नीचे दिए गए कथनों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(A) चेन्नई में वर्षा की परिवर्तनशीलता, मुम्बई से अधिक है ।
(B) चेन्नई में लौटते मानसून से ज्यादा वर्षा होती है ।

(A) केवल (A) सही है ।
(B) केवल (B) सही है ।
(C) (A) तथा (B) दोनों सही हैं । ✓
(D) (A) तथा (B) दोनों सही नहीं हैं ।

Q.22

यदि अण्डमान में उष्ण-कटिबन्धीय चक्रवात का विकास होता है, तो किस बंदरगाह के अधिकारियों को सचेत किया जाना चाहिए ?

(A) कोलकाता ✓
(B) रंगून
(C) कोलम्बो
(D) चेन्नई

Q.23

भारत में कौनसा जनगणना वर्ष, 'जनसांख्यिकी विभाजन' का वर्ष कहा जाता है?

(A) 1991
(B) 1901
(C) 1971
(D) 1921 ✓

Q.24

महान सीमा भ्रंश पृथक करता है-

(A) शिवालिक हिमालय से लघु हिमालय को ✓
(B) लघु हिमालय से महान हिमालय को
(C) महान हिमालय से काराकोरम को
(D) भारत के महान मैदान से शिवालिक को

Q.25

भारत की सबसे लम्बी सीमा किस देश के साथ लगती है ?

(A) चीन
(B) पाकिस्तान
(C) बांग्लादेश ✓
(D) म्यांमार

Q.26

ग्रेट बैरियर रीफ ____ के साथ स्थित है/ से लगा हुआ है।

(A) ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी तट
(B) अफ्रीका के पश्चिमी तट
(C) ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पूर्वी तट ✓
(D) दक्षिण अमेरिका के पूर्वी तट

Q.27

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
भारत में मृदा अपरदन की समस्या जुड़ी हुई है :
(A) अत्यधिक वर्षा
(B) वनों की कटाई
(C) अत्यधिक खेती
(D) अतिचारण
इन कथनों में से

(A) (A) और (B) सही हैं ।
(B) (A), (B), (C) और (D) सही हैं । ✓
(C) (B), (C) और (D) सही हैं ।
(D) (B) और (D) सही हैं ।

Q.28

'राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियम' के अनुसार विधानसभा में मंत्री परिषद् में अविश्वास प्रस्ताव के सम्बन्ध में निम्न में से कौन से कथन सही हैं ?

** (A) ** प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति प्रश्नों के बाद और उस दिन की कार्य सूची का कार्य प्रारंभ करने के पूर्व माँगनी होगी ।
** (B) ** अनुमति माँगने वाले सदस्य को उस दिन की बैठक प्रारंभ होने से पहले सचिव के पास, उस प्रस्ताव की, जिसे वह प्रस्तुत करना चाहे लिखित सूचना देनी होगी ।
** (C) ** प्रस्ताव समग्र सदस्य संख्या के कम से कम दसवें भाग से समर्थित होना चाहिए ।

सही उत्तर है :

(A) (A) और (B) ✓
(B) (A), (B) और (C)
(C) (B) और (C)
(D) (A) और (C)

Q.29

निम्नांकित में से कौन राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के पद पर रहे है-

(A) मोहनलाल सुखाड़िया
(B) टीकाराम पालीवाल ✓
(C) हरिदेव जोशी
(D) अशोक गहलोत

Q.30

निम्नांकित में से राजस्थान के कौन से मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री बनने से पूर्व किसी भी मंत्री परिषद् में मंत्री नहीं रहे हैं ?

** (A) ** जयनारायण व्यास
** (B) ** बरकतुल्लाह खान
** (C) ** मोहनलाल सुखाड़िया
** (D) ** भैरोंसिंह शेखावत

सही उत्तर है :

(A) (A) और (B)
(B) (A) और (D) ✓
(C) (C) और (D)
(D) (B) और (D)

Q.31

निम्नांकित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं हैं ?

| **मुख्यमंत्री** | **मुख्य सचिव** |
| :— | :— |

(A) मोहनलाल सुखाडिया - के.पी.यू मेनन
(B) बरकतुल्लाह खान - आर.डी. माथुर ✓
(C) शिवचरण माथुर - मदन मोहन कृष्णवली
(D) भैरोंसिंह शेखावत - टी.वी. रमणन

Q.32

निम्नांकित में से कौन से कृत्य भारत सरकार की राजनीतिक कार्यों संबंधी मंत्रिमंडल समिति के हैं ?

(A) केन्द्र-राज्य संबंधों से संबंधित समस्याओं पर विचार करना।
(B) ऐसे आर्थिक और राजनीतिक मामलों पर विचार करना, जिन पर व्यापक परिप्रेक्ष्य में निर्णय लेने की आवश्यकता हो।
(C) विदेशी मामलों से संबंधित ऐसे नीतिगत मामलों पर विचार करना, जिनसे बाह्य और आंतरिक सुरक्षा प्रभावित न होती हो।

सही उत्तर है :

(A) (A) और (B)
(B) (A) और (C)
(C) (A), (B) और (C) ✓
(D) (B) और (C)

Q.33

पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के सभापति कौन हैं?

(A) राजस्थान के मुख्यमंत्री
(B) राजस्थान के राज्यपाल ✓
(C) राजस्थान के पर्यटन मंत्री
(D) उदयपुर के संभागीय आयुक्त

Q.34

निम्नांकित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| **(राजस्थान के मुख्यमंत्री)** | **(वह राज्य जहाँ उन्होंने अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल के पश्चात् राज्यपाल के पद पर कार्य किया)** |
| :— | :— |

(A) मोहनलाल सुखाड़िया - आंध्र प्रदेश
(B) हरिदेव जोशी - त्रिपुरा ✓
(C) शिवचरण माथुर - आसाम
(D) जगन्नाथ पहाड़िया - बिहार

Q.35

निम्नांकित में से किस वर्ष में राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 में संशोधन कर पंचायतों में स्थायी समितियों का प्रावधान किया गया?

(A) 2000 ✓
(B) 2011
(C) 1999
(D) 1996

Q.36

भारत शासन अधिनियम, 1919 के तहत गठित 'राज्य परिषद् (काऊन्सिल ऑफ स्टेट्स)' के पहले अध्यक्ष कौन थे?

(A) फ्रेडरिक व्हाइट
(B) अलेक्जेंडर मूडीमैन ✓
(C) सच्चिदानंद सिन्हा
(D) विठ्ठलभाई पटेल

Q.37

निम्नांकित में से किसने यह मत प्रदान किया है कि "इक्कीसवीं शताब्दी में विश्व व्यवस्था में तनाव व संघर्ष में वृद्धि होगी किन्तु इस संघर्ष का स्वरूप विचारात्मक, राजनीतिक अथवा आर्थिक न होकर सांस्कृतिक होगा" ?

(A) सेम्युअल हंटिंगटन ✓
(B) फ्रांसिस फुकुयामा
(C) रोनाल्ड रीगन
(D) बराक ओबामा

Q.38

भारत के निम्नांकित प्रधानमंत्रियों में से किस प्रधानमंत्री को कार्यवाहक राष्ट्रपति द्वारा शपथ दिलवाई गई ?

(A) इन्दिरा गांधी
(B) मोरारजी देसाई ✓
(C) राजीव गांधी
(D) आई. के. गुजराल

Q.39

'ग्रीन पीस' संगठन की स्थापना किस वर्ष हुई ?

(A) 1971 ✓
(B) 1967
(C) 1968
(D) 1970

Q.40

किस समिति/आयोग ने यह सिफारिश की कि राज्यसभा को सच्चे अर्थों में संघीय उच्च सदन बनाने के लिए इसमें सभी राज्यों का समान प्रतिनिधित्व होना चाहिए, इस समर्थन के साथ कि संसदीय व्यवस्था निरंतर जारी रहे ?

(A) सन्थानम समिति
(B) राजमन्नार समिति
(C) सरकारिया आयोग
(D) पुंछी आयोग ✓

Q.41

यह किस अनुच्छेद में कहा गया है, "इस अनुच्छेद के उपबंधों के अधीन रहते हुए, संघ के लिए एक लोक सेवा आयोग और प्रत्येक राज्य के लिए एक लोक सेवा आयोग होगा"?

(A) अनु.174
(B) अनु.248
(C) अनु.315 ✓
(D) अनु.310

Q.42

निम्नांकित में से कौन सी नियुक्तियों हेतु भारतीय सरकार की मंत्रीमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति का अनुमोदन अपेक्षित है ?

(A) भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर
(B) भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर
(C) अध्यक्ष, रेल बोर्ड

सही उत्तर है :

(A) (A) और (B)
(B) (A) और (C)
(C) (B) और (C)
(D) (A), (B) और (C) ✓

Q.43

सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

सूची-I (लेखक)	**सूची-II (पुस्तकें)**
(A) जगदीश भगवती	(i) मेकिंग ग्लोबलाइजेशन वर्क
(B) जोसेफ स्टिग्लिट्ज़	(ii) इन डिफेंस ऑफ ग्लोबलाइजेशन
(C) उलरिक बेक	(iii) कैपिटलिज्म एण्ड फ्रीडम
(D) मिल्टन फ्रीडमेन	(iv) व्हाट इज ग्लोबलाइजेशन ?

कूट :
(A) (B) (C) (D)

(A) (i) (ii) (iii) (iv)
(B) (ii) (i) (iv) (iii) ✓
(C) (iii) (iv) (i) (ii)
(D) (iv) (iii) (ii) (i)

Q.44

निम्नांकित भारत के उपराष्ट्रपतियों में से कौन से निर्विरोध निर्वाचित हुए ?

(A) एस. राधाकृष्णन
(B) बी.डी. जत्ती
(C) एम. हिदायतुल्लाह
(D) वी.वी. गिरी

सही उत्तर है :

(A) (A) और (B)
(B) (B) और (C)
(C) (A) और (C) ✓
(D) (A), (B) और (C)

Q.45

'असम गण परिषद' की स्थापना किस वर्ष हुई ?

(A) 1981
(B) 1983
(C) 1985 ✓
(D) 1987

Q.46

निम्नांकित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?

भारतीय संविधान का अनुच्छेद	शब्दावली
255 (1) (ग)	राष्ट्रपति की पूर्व मंजूरी
18 (3)	राष्ट्रपति की सहमति
113 (3)	राष्ट्रपति की सिफारिश
304 (ख)	राष्ट्रपति की स्वीकृति

(A) 255 (1) (ग) - राष्ट्रपति की पूर्व मंजूरी
(B) 18 (3) - राष्ट्रपति की सहमति
(C) 113 (3) - राष्ट्रपति की सिफारिश
(D) 304 (ख) - राष्ट्रपति की स्वीकृति ✓

Q.47

अन्तर्राज्यिक नदियों या नदी-दूनों के जल संबंधी विवादों के न्याय निर्णयन संबंधी प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में हैं?

(A) 261
(B) 262 ✓
(C) 263
(D) 264

Q.48

'कगारवाद का सिद्धांत' किसने दिया ?

(A) जॉन फॉस्टर डलेस ✓
(B) जार्ज बुश
(C) रूजवेल्ट
(D) हेरी एस. ट्रूमैन

Q.49

'क्योटो प्रोटोकॉल' का संबंध निम्नांकित में से किससे है ?

(A) आर्थिक सहयोग
(B) निःशस्त्रीकरण
(C) भूमण्डलीय उष्मीकरण को कम करने हेतु ✓
(D) आतंकवाद को रोकने हेतु

Q.50

2003 में किस देश में 'रोज रिवोल्यूशन (गुलाबी क्रान्ति)' हुई ?

(A) बेलारूस
(B) यूक्रेन
(C) जॉर्जिया ✓
(D) रूस

Q.51

'शांति के लिए एकता प्रस्ताव' को अन्य किस नाम से जाना जाता है ?

(A) रूजवेल्ट प्लान
(B) ट्रूमैन प्लान
(C) केनेडी प्लान
(D) एचेसन प्लान ✓

Q.52

निम्नांकित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) भारतीय विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की चीन यात्रा - 1979

(B) भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी की चीन यात्रा - 1988

(C) चीन के प्रधानमंत्री ली पेंग की भारत यात्रा - 1992 ✓

(D) चीन के राष्ट्रपति जियांग जेमिन की भारत यात्रा - 1996

Q.53

बीसलपुर बांध में पानी की आवक बढ़ाने के लिए कौनसी परियोजना तैयार की जा रही है-

(A) परवन सिंचाई परियोजना

(B) माही-बनास सिंचाई परियोजना

(C) ब्राह्मणी-बनास परियोजना ✓

(D) गजनेर परियोजना

Q.54

हाल ही में, राजस्थान के किस क्रिकेट खिलाड़ी ने अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू (प्रथम प्रवेश) किया है ?

(A) पंकज सिंह

(B) राम सिंह

(C) नाथू सिंह

(D) खलील अहमद ✓

Q.55

हाल ही में, राजस्थान में किसके लिए स्टार रैंकिंग प्रारम्भ की गई है ?

(A) राजकीय चिकित्सालयों के लिए

(B) राजकीय विद्यालयों के लिए ✓

(C) राजकीय छात्रावासों के लिए

(D) रोडवेज बसों के लिए

Q.56

भीलवाड़ा में हाल ही में, प्रारम्भ हुए मेडिकल कॉलेज का क्या नाम है ?

(A) जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज

(B) अम्बेडकर मेडिकल कॉलेज

(C) राजमाता विजयाराजे मेडिकल कॉलेज ✓

(D) गीतांजली मेडिकल कॉलेज

Q.57

मुख्यमंत्री राजश्री योजना के अंतर्गत बेटियों को कितनी राशि दी जाती है?

(A) रु. 60000 तक

(B) रु. 40000 तक

(C) रु. 75000 तक

(D) रु. 50000 तक ✓

Q.58

राजस्थान सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निम्न में से कौन सी निःशुल्क मोबाईल एप शुरू की है ?

(A) दिशारी ✓
(B) रीडर
(C) कॉमएग्जाम
(D) एवरनोट

Q.59

राजस्थान में महिला राज्य कर्मचारियों को अपने पूरे सेवाकाल में कितने वर्ष का शिशु देखभाल अवकाश दिया जाता है ?

(A) एक वर्ष
(B) दो वर्ष ✓
(C) तीन वर्ष
(D) चार वर्ष

Q.60

निम्नांकित में से राजस्थान का कौन सा जिला, नीति आयोग द्वारा महत्त्वाकांक्षी जिलों की पहली डेल्टा रैंकिंग 2018 में सम्मिलित नहीं है ?

(A) धौलपुर
(B) बारां
(C) सिरोही
(D) चूरू ✓

Q.61

राजस्थान में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु 'अन्नपूर्णा दूध योजना' कब प्रारंभ की गई-

(A) 2 जुलाई, 2018 ✓
(B) 1 जुलाई, 2018
(C) 1 जुलाई, 2017
(D) 2 जुलाई, 2017

Q.62

राजस्थान बजट 2018-19 में कुल व्यय का कितना प्रतिशत सामाजिक एवम् सामुदायिक सेवाओं पर प्रस्तावित है ?

(A) 37.72%
(B) 48.22%
(C) 40.92% ✓
(D) 28.22%

Q.63

आर्थिक सर्वेक्षण 2017-18 के अनुसार, 2004-2016 के दौरान भारत में वास्तविक कृषि सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि (प्रतिशत में) कितनी रही ?

(A) 3.2% ✓
(B) 3.1%
(C) 3.0%
(D) 3.3%

Q.64

निम्नलिखित में से क्या राष्ट्रीय आय के बराबर है ?

(A) NDP_{FC}
(B) NNP_{MP}
(C) NDP_{MP}
(D) NNP_{FC} ✓

Q.65

केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सी एस ओ) के अनुसार, वर्तमान में आई आई पी गणना का आधार वर्ष क्या है ?

(A) 2008-09
(B) 2009-10
(C) 2010-11
(D) 2011-12 ✓

Q.66

निम्नांकित कथनों को पढ़ें:
(i) राष्ट्रीय आय, उत्पादित समस्त अन्तिम वस्तुओं एवम् सेवाओं का मौद्रिक मूल्य है।
(ii) एन.एन.पी. ज्ञात करने के लिए जी.एन.पी. में से मूल्यह्रास को घटा देते हैं।
इनमें से कौन सा/कौन से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल (i)
(B) केवल (ii)
(C) दोनों (i) व (ii) ✓
(D) (i) व (ii) कोई नहीं

Q.67

निम्न में से कौन सा लाभ प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत खोले गए खाते में नहीं मिलता है ?

(A) जमा राशि पर ब्याज
(B) दस लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवच ✓
(C) खाते में कोई न्यूनतम राशि रखने की आवश्यकता नहीं।
(D) भारत में मुद्रा का कहीं भी आसान हस्तांतरण

Q.68

शिक्षा मनोविज्ञान सम्बन्धित है :

(A) अधिगमकर्ता से
(B) अधिगम प्रक्रिया से
(C) अधिगम संस्थितियों से
(D) दिए गए सभी विकल्प ✓

Q.69

निम्न में से कौन सा कथन गलत है ?

(A) अधिगम समायोजन है।
(B) अधिगम सार्वभौमिक है।
(C) अधिगम हमेशा प्रेक्षणीय/अवलोकनीय होता है। ✓
(D) अधिगम का परिणाम व्यवहार परिवर्तन होता है।

Q.70

एक अध्यापक ने विद्यार्थियों का टी.ए.टी. परीक्षण किया ताकि उनमें निम्न की पहचान की जा सके :

(A) उपलब्धि की
(B) अभिज्ञता की
(C) व्यक्तित्व की ✓
(D) अभिवृत्ति की

Q.71

"जिन प्रतिक्रियाओं को सीखने के उपरांत संतुष्टि प्राप्त होती है, उन्हें सीख लिया जाता है," कहलाता है

(A) कल्पना का नियम
(B) प्रभाव का नियम ✓
(C) तत्परता का नियम
(D) सापेक्षता का नियम

Q.72

'बेसल आयु' किसके मापन से सम्बन्धित है ?

(A) व्यक्तित्व
(B) अभिवृत्ति
(C) बुद्धि ✓
(D) अभिक्षमता

Q.73

बुद्धि-लब्धि (आई क्यू) के परिकलन का सूत्र है :

(A) $\frac{\text{सीए}}{\text{एमए}} \times 100$
(B) $\frac{\text{एमए}}{\text{सीए}} \times 100$ ✓
(C) $\frac{\text{सीए}}{100} \times \text{एमए}$
(D) $\frac{100}{\text{एमए}} \times \text{सीए}$

Q.74

रोर्शा इंक ब्लॉट परीक्षण में शामिल है :

(A) पाँच काले तथा पाँच रंगीन कार्ड
(B) दस काले तथा दस सफेद कार्ड
(C) पाँच काले व सफेद तथा पाँच बहुरंगी कार्ड ✓
(D) दस बहुरंगी कार्ड

Q.75

प्रेणा-प्रबलन ह्रास सिद्धांत के प्रदाता है :

(A) हल ✓
(B) फ्रायड
(C) मैसलो
(D) केपसन

Q.76

25 वर्षीय लड़का जिसकी मानसिक आयु 16 वर्ष है, का आईक्यू क्या होगा-

(A) 64 ✓
(B) 75
(C) 80
(D) 100

Q.77

मनोविज्ञान व्यवहार का विज्ञान है और इसका घनिष्ठ सम्बन्ध शिक्षा से इसलिए है, क्योंकि शिक्षा बालक के __ में परिवर्तन लाना चाहती है।

(A) चेतना
(B) आत्मा
(C) मस्तिष्क
(D) व्यवहार ✓

Q.78

अभिरुचि, अभिवृत्ति, उपलब्धि तथा लिंग कौन सी विभिन्नताओं के क्षेत्र है ?

(A) व्यक्ति की आंतरिक विभिन्नताएँ
(B) सामाजिक विभिन्नताएँ
(C) वैयक्तिक विभिन्नताएँ ✓
(D) चारित्रिक विभिन्नताएँ

Q.79

निम्न में से गलत युग्म कौन सा है ?

(A) अधिगम का साइन सिद्धांत - टोलमन
(B) अधिगम का क्षेत्रीय सिद्धांत - लेविन
(C) सामाजिक अधिगम सिद्धांत - ब्रूनर ✓
(D) प्रयत्न-त्रुटि अधिगम सिद्धांत - थॉर्नडाइक

Q.80

बालक की शारीरिक वृद्धि एवं विकास को प्रभावित करते हैं :

(A) वंशानुक्रम
(B) वातावरण
(C) केवल वंशानुक्रम
(D) वंशानुक्रम एवं वातावरण दोनों ✓

Q.81

निम्नांकित में थॉर्नडाइक के अनुसार अधिगम का प्राथमिक नियम है ?

(A) सादृश्य का नियम
(B) अभ्यास का नियम ✓
(C) आत्मीकरण का नियम
(D) मनोवृत्ति का नियम

Q.82

समायोजन के सन्दर्भ में निम्न में से कौन सा गलत है ?

(A) यह संतुलन प्रदान करता है ।

(B) यह समस्या का समाधान करता है ।

(C) यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया नहीं है । ✓

(D) समायोजन की अनुपस्थिति में व्यक्ति तनाव, संघर्ष तथा चिंताओं से घिरा रहता है ।

Q.83

सृजनात्मकता की विशेषता होती है :

(A) मौलिकता

(B) प्रवाहशीलता

(C) लचीलापन

(D) दिए गए सभी विकल्प ✓

Q.84

एक शिक्षक के लिए शिक्षा मनोविज्ञान की उपादेयता है :

(A) (अ) : स्वयं के ज्ञान एवं तैयारी के बारे में जानकारी के लिए ।

(B) (ब) : बालकों की आवश्यकता की जानकारी के लिए ।

(C) (अ) तथा (ब) दोनों सही हैं । ✓

(D) (अ) तथा (ब) दोनों गलत हैं ।

Q.85

अधिगम बाधित/असमर्थ बच्चे अधिकतम ____ होते हैं ।

(A) आक्रामक

(B) संगठित

(C) संगत

(D) निम्न उपलब्धि वाले ✓

Q.86

मनोविज्ञान ने शिक्षा को बना दिया है :

(A) पाठ्यचर्या केन्द्रित

(B) शिक्षक केन्द्रित

(C) बाल केन्द्रित ✓

(D) विषय केन्द्रित

Q.87

गिलफोर्ड द्वारा प्रतिपादित बौद्धिक संरचना के मॉडल में प्रारंभ में कितने तत्वों को सम्मिलित किया गया हैं?

(A) 100

(B) 120 ✓

(C) 200

(D) 150

Q.88

मुकाम प्रसिद्ध है-

(A) विश्नोइयों के लिए ✓
(B) सिक्खो के लिए
(C) जैनियो के लिए
(D) जसनाथियो के लिए

Q.89

कोटा के किस शासक के काल को कोटा स्कूल की चित्रशैली का उत्कृष्ट काल माना जा सकता है ?

(A) महाराव शत्रुसालसिंह-I
(B) महाराव किशोरसिंह
(C) महाराव उम्मेदसिंह-I ✓
(D) महाराव शत्रुसालसिंह-II

Q.90

श्रीमती रमा देवी राजस्थान के किस किसान आन्दोलन से सम्बद्ध रही-

(A) बेंगू
(B) बिजोलिया ✓
(C) बरड़
(D) बीकानेर

Q.91

ढोला-मारू कहानी में ढोला की विवाह के समय उम्र थी

(A) 3 वर्ष ✓
(B) 11 वर्ष
(C) 14 वर्ष
(D) 16 वर्ष

Q.92

ऐतिहासिक स्थल मानगढ़ राजस्थान के किस जिले में है?

(A) डूंगरपुर
(B) बांसवाड़ा ✓
(C) उदयपुर
(D) प्रतापगढ़

Q.93

गवरी लोक नृत्य मुलतः सम्बन्धित है?

(A) गरासिया
(B) कालेबेलिया
(C) भील ✓
(D) कंजर

Q.94

किस राज्य के प्रजामंडल ने 1936 ई. में 'कृष्णा दिवस' मनाया ?

(A) उदयपुर
(B) कोटा
(C) करौली
(D) जोधपुर ✓

Q.95

आभानेरी तथा राजौरगढ़ के कलात्मक वैभव किस काल के हैं ?

(A) गुर्जर-प्रतिहार ✓
(B) चौहान
(C) गुहिल-सिसोदिया
(D) राठौड़

Q.96

निम्नलिखित में से कौन-सा किला गढ़ बीठली के नाम से जाना जाता है -

(A) लोहागढ़ भरतपुर
(B) तारागढ़ बूंदी
(C) तारागढ़ अजमेर ✓
(D) मेहरानगढ़ जोधपुर

Q.97

पाबूजी का मुख्य तीर्थ स्थल है:

(A) ठीकरीया गांव
(B) जोधपुरिया गांव
(C) कोलू गांव ✓
(D) पांचोटा गांव

Q.98

अजमेर-मेरवाड़ा का राजस्थान में विलय कब हुआ?

(A) 26 जनवरी, 1956
(B) 1 नवम्बर, 1956 ✓
(C) 26 जनवरी, 1950
(D) 30 मार्च, 1949

Q.99

चारचौमा का शिव मंदिर राजस्थान के किस जिले में अवस्थित है?

(A) कोटा ✓
(B) बारां
(C) बूंदी
(D) झालावाड़

Q.100

जीणमाता का मेला राजस्थान के किस जिले में वर्ष में दो बार आयोजित होता है ?

(A) सिरोही

(B) सीकर ✓

(C) सवाई माधोपुर

(D) जालौर



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in